आकाशवाणी भोपाल
प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 13.12.2024 समय : 07.10pm

मुख्य समाचार :–

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रयाग महाकुंभ 2025 में 55 सौ करोड़ रूपये की विकास परियाजनाओं का किया शुभारंभ।**
- **डॉ. विष्णु वाकणकर के नाम से जाना जायेगा रातापानी टाइगर रिजर्व, मुख्यमंत्री ने की घोषणा।**
- **मुख्यमंत्री ने किया रायसेन, भोपाल, सीहोर, विदिशा जिलों में विभिन्न विकास कार्यो का उद्‌घाटन।**
- **प्रदेश में जारी रहेगी शीतलहर, कई जिलों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे।**

### पीएम प्रयागराज

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कहा कि महाकुंभ 2025 एकता और समानता का ऐसा महायज्ञ होगा जो राष्ट्र का मार्गदर्शन करेगा और इसकी चर्चा पूरे विश्व में होगी। प्रधानमंत्री आज प्रयागराज के संगम क्षेत्र में महाकुंभ-2025 का औपचारिक उद्घाटन करने के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे। महाकुंभ 2025 आधिकारिक रूप से अगले वर्ष 13 जनवरी से शुरू होकर 26 फरवरी तक चलेगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने लगभग **5500 करोड़ रुपये** की विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया। इनमें प्रयागराज में बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने और निर्बाध संपर्क प्रदान करने की विभिन्न रेल और सड़क परियोजनाएं शामिल हैं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि महाकुंभ के दौरान प्रयागराज की पावन धरती पर एक नया इतिहास रचा जाएगा। प्रधानमंत्री ने कुंभ सहायक चैटबॉट का भी शुभारंभ किया। जिसमें महाकुंभ मेला 2025 की गतिविधियों के बारे में श्रद्धालुओं को मार्गदर्शन और विस्तृत जानकारी प्रदान की जायेगी। उन्होंने कहा कि इस कुंभ को प्रौद्योगिकी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के संगम के लिए याद किया जाएगा।

### लोकसभा संविधान चर्चा

लोकसभा में आज भारतीय संविधान के 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पर विशेष चर्चा शुरू हुई। चर्चा की शुरुआत करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारतीय संविधान सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक जीवन के सभी पहलुओं को छूकर राष्ट्र निर्माण का मार्ग प्रशस्त करता है। उन्होंने कहा कि संविधान देश की सभ्यता के मूल्यों की अभिव्यक्ति है। उन्होंने कहा कि संविधान सभा द्वारा निर्मित संविधान केवल एक आधिकारिक दस्तावेज नहीं था, बल्कि यह लोगों की इच्छा की अभिव्यक्ति था। चर्चा में भाग लेते हुए कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि संविधान नागरिकों को सुरक्षित रखने के लिए सुरक्षा कवच है। उन्होंने कहा कि यह न्याय, एकता और अभिव्यक्ति के अधिकार का कवच है। समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव ने कहा कि संविधान लोकतंत्र की आत्मा है।

## संसद हमला

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन सुरक्षाकर्मियों और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की जिन्होंने 13 दिसंबर 2001 को आतंकवादी हमले के दौरान संसद की रक्षा करते हुए अपनी जान गंवा दी थी। राष्ट्रपति ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में संसद के सुरक्षा कर्मियों के अदम्य साहस और नि:स्वार्थ सेवा का स्मरण किया। उन्होंने कहा की उनकी सेवा देशवासियों को हमेशा प्रेरित करती रहेगी। राष्ट्र इन बहादुर कर्मियों और उनके परिवार का हमेशा कृतज्ञ रहेगा। राष्ट्रपति ने आतंकवाद से मुकाबला करने का संकल्प दोहराते हुए कहा कि देश आतंकी ताकतों के खिलाफ एकजुट है। प्रधानमंत्री ने कहा कि बहादुरों का सर्वोच्च बलिदान देश को सदैव प्रेरित करता रहेगा।

## रातापानी टाईगर रिजर्व

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के रातापानी टाइगर रिजर्व का नाम विश्व विख्यात पुरातत्वविद डॉ. विष्णु वाकणकर के नाम से जाना जाएगा। रातापानी टाइगर रिजर्व में स्थित विश्व धरोहर भीमबेटका को डॉ. वाकणकर के अथक परिश्रम के परिणाम स्वरुप ही पहचान प्राप्त हुई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश की वन्य-जीव संपदा को और अधिक संपन्न करने के लिए रातापानी टाइगर रिजर्व की अनुमति प्रदान करने पर प्रदेशवासियों की ओर से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज झिरी गेट से रातापानी टाइगर रिजर्व के लोकार्पण कार्यक्रम में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने टाइगर रिजर्व संबंधी जागरूकता के लिए आरंभ "विरासत से विकास" की बाईक रैली को कोलार रोड स्थित गोल जोड़ से झंडी दिखाकर रवाना किया।

मुख्यमंत्री भूमिपूजन

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आज भोपाल में 758 करोड़ रूपयों के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। कार्यक्रम में रायसेन, भोपाल , सीहोर विदिशा को स्वास्थ्य, सड़क , लोकनिर्माण ,छात्रावास के लिए ये सौगातें दी गई। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन मे कहा की विकास के पड़ाव की सभी को बधाई सिंगल क्लिक के माध्यम से विकास कार्यों का लोकार्पण भूमिपूजन हुआ है।

## सरसी आइलैंड

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल 14 दिसम्बर को शहडोल में नवनिर्मित एमपीटी सरसी आइलैंड रिसॉर्ट का उद्घाटन करेंगे। इस राज्य स्तरीय समारोह में उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल उपस्थिति रहेंगे। बाणसागर डैम के बैकवाटर पर मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा रिजॉर्ट का निर्माण किया गया है। बांधवगढ़ नेशनल पार्क और मैहर आने वाले पर्यटकों के लिए यह एक विशेष सुविधा होगी। यहां लग्जरी इको हट्स, तीन बोट क्लब, आकर्षक रेस्टोरेंट, आधुनिक कॉन्फ्रेंस रूम, जिम, लाइब्रेरी और बच्चों के लिए प्ले एरिया सहित पर्यटकों के लिए आवश्यक सभी आधुनिक सुविधाओं का ध्यान रखा गया है।

**मौसम**

प्रदेश में इन दिनों कड़ाके की ठण्ड पड़ रही है। मौसम केंद्र ने अगले 3 दिन भी शीतलहर का अलर्ट जारी किया गया है। कल रायसेन, सीहोर, विदिशा जिलों सहित 19

जिलों में शीतलहर के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है। भोपाल में न्यूनतम तापमान 7 दशमलव 8 डिग्री सेल्सियस रहा। प्रदेश में सबसे कम न्यूनतम तापमान शाजापुर जिले के गिरवर में 3 दशमलव 7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## उपराष्ट्रपति-मध्यप्रदेश दौरा

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ रविवार को मध्य प्रदेश के ग्वालियर में दो दिवसीय दौरे पर जाएंगे। इस दौरान उपराष्ट्रपति ग्वालियर में जीवाजी विश्वविद्यालय में भू-विज्ञान संग्रहालय का उद्घाटन और श्रीमंत जीवाजीराव सिंधिया की प्रतिमा का अनावरण भी करेंगे।

## मातृ वंदना

केंद्र ने कहा है कि वर्ष 2017 में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की शुरूआत के बाद से तीन करोड 64 लाख लाभार्थियों के बीच 18 हजार 854 करोड रूपये वितरित किए गए हैं। महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने लोकसभा में एक प्रश्न के उत्तर में बताया कि सरकार ने योजना के तहत लाभार्थियों के डिजिटल पंजीकरण की पहल की हैं। उन्होंने कहा कि पंजीकरण के लिए एक मोबाइल एप लांच किया गया है, साथ ही आंगनवाडी और आशाकर्मियों के पास भी सुविधाएं उपलब्ध हैं।

समाचार संक्षेप

- **24 दिसंबर को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस मनाया जायेगा। इसके तहत प्रदेश में जिला स्तर पर विभिन्न कार्यकमों का आयोजन होगा। इसके लिए तैयारियां जारी है।**

- नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत प्रदेश में आयुष विभाग द्वारा संचालित छात्रावासों में छात्रावास नशामुक्ति समिति का गठन किया जाएगा। यह समितियां छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करेंगी।

- कटनी में कल आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में 7000 प्रकरणों के निराकरण का लक्ष्य रखा गया , इसके लिए 27 खण्डपीठों का गठन किया गया है।

-----------------------